छात्र-छात्राओं ने कुलपति से की शिकायत संस्थान में नियमित नहीं चलती कक्षाएं

- कुलपति ने जीआरडी कालेज का किया औचक निरीक्षण, खामियों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की
- संस्थान के निदेशक डा. चौधरी से कहा, व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया तो होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि से संबद्ध स्ववित्तपोषित इंजीनियरिंग कालेजों में शैक्षणिक गुणवत्ता की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जीआरडी इंजीनियरिंग कालेज में मिली खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत सुधार के निर्देश दिए।

सोमवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राजपुर रोड स्थित जीआरडी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम पाई गई। उन्होंने मौजूद छात्रों से संवाद किया, जिसपर छात्रों ने नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होने की शिकायत की। कुलपति ने बताया कि सत्र शुरू हुए एक माह हो चुका है, लेकिन छात्र शिकायत कर रहे हैं कि कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं। कुलपति ने कक्षाओं में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तो अधिकांश छात्रों की उपस्थिति व्यवस्थित नहीं पाई गई। कुलपति ने निरीक्षण के दौरान संस्थान के निदेशक डा. पंकज चौधरी को सख्त निर्देश दिए कि संस्थान में छात्रों की उपस्थित का रिकार्ड विवि के यूएमएस पोर्टल पर नियमित अपलोड नहीं हो रहा है, जिसे नियमित किया जाए। कुलपति ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में तत्काल सुधार किया जाए। छात्रों को प्रतिदिन प्रयोगशाला में लेकर जाएं। कहा, कक्षा के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर, जीआरडी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के कुलसचिव कमलकांत राणा कहा कि छात्रों की संख्या केवल आजकल वर्षा के कारण कम है। हर रोज छात्रों की उपस्थिति यूटीयू के यूएमएस पोर्टल पर अपलोड की जाती है। कक्षाएं नहीं चलने जैसी कोर्ठ समस्या नहीं है। स्ववित्तपोषित संस्थान संचालित करने में आने वाली परेशानियों से कुलपति वाकिफ हैं। पहले भी वह संस्थान का निरीक्षण कर चुके हैं।